GOVERNMENT PG COLLEGE RAJGARH, ALWAR, RAJASTHAN

Tehla Road, Near railway Station, Rajgarh, Alwar,(Raj.)

Activity

राजगढ़. कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

राजगढ़ कॉलेज में यूथ यूनाइट कार्यक्रम का आयोजन हुआ

राजगढ़। राजकीय महाविद्यालय में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से प्राचार्य डॉ. राव सज्जन सिंह की अध्यक्षता में युवा पखवाड़े के तहत यूथ यूनाइट कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. देशराज वर्मा ने बताया कि प्राचार्य ने उपस्थित विद्यार्थियों से योगाभ्यास के माध्यम से अपने करियर को उन्नत बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षक जगदीश प्रसाद ने यूथ कनेक्ट कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्य कुशलता संवाद, सामाजिक मूल्य एवं नेतृत्व परिवर्तन के संदर्भों के माध्यम से विषय प्रवर्तन किया। युवा दिवस पर लॉन्च किए गए कार्यक्रमों के साथ बांधे रखा। राजगढ़ केंद्र प्रभारी एवं प्रशिक्षक हीरालाल बैरवा ने पीपीटी प्रदर्शन के साथ रिलैक्सेशन एवं ध्यान का सत्र आयोजित करवाया। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था एवं राजकीय महाविद्यालय के मध्य 2 वर्ष का आपसी सहमति के मध्य एमओयू भी हुआ। इस अवसर पर डॉ पीएम मीणा, डॉ आंचल मीणा, डॉ अशोक मीणा, डॉ रतिराम जाटव, डॉ राकेश मीणा, डॉ संजय बमणावत व डॉ स्वयं आदि मौजूद रहे।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय राजगढ़ (अलवर)

रेलवे स्टेशन के पास, टहला रोड राजगढ़ (अलवर) 301408
Email ID: gcgirlrajgarh@gmail.com

क्रमांक:—स्था / राकमरा / 2023—24 / 154 दिनांक: 20.01.2024

प्रेस नोट

श्रीमान सम्पादक महोदय
....

राजगढ़। कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय राजगढ़ में हार्टफुलनेस यूथ यूनाइट कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 20.01.2024 को प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में केन्द्र संयोजक श्री हीरा लाल जी ने युवाओं में ह्रदय से जुडकर आंतरिक मूल्यों को विकसित करना, वार्तालाप कौशल, नेतृत्व क्षमता के गुणों का विकास आदि के लिए छः महिने के ऑनलाइन कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसे पूरा करने पर ग्लोबल स्तर का प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। छात्रा गरिमा सैनी उम्र 13 वर्ष ने आँखों पर पट्टी बांधकर, पुस्तक पढ़कर सभी को अचम्भित किया। ब्राइटर मांइड के व्यायाम का अभ्यास भी करवाया गया। विडियो क्लिपिंग के साथ हार्टफुलनेस ध्यान का व्यावहारिक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने अपने आपको रिलेक्स पाया। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक श्री जगदीश प्रसाद ने यूथ यूनाइट कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देकर स्वयं के व्यक्तित्व विकास हेतु ऑनलाइन जुडने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना जी ने हार्टफुलनेस टीम का आभार व्यक्त किया तथा इस तरह के कार्यक्रम समय—समय पर आयोजित करने की मंशा जताई। हार्टफुलनेस टीम में अभिषेक सैनी ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी छात्राएँ एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संदीप कुमार बमनावत जी ने किया।

20/01/24
(Dr. K-L-meena)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
राजगढ़ (अलवर)

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
राजगढ़ (अलवर)